आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04.09.2096  समय : 02.10PM

ट्रांसफॉर्मर इकाई उद्घाटन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुछ देर बाद सीहोर में क्रॉम्पटन एंड ग्रीव्स पॉवर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड की नई पॉवर ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण इकाई के प्रथम ट्रांसफॉर्मर के रोल-आउट का शुभारंभ करेंगे। करीब 50 एकड़ में स्थापित यह इकाई एक ही स्थान पर स्थित भारत की सबसे बड़ी पॉवर ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण इकाई है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अगस्त 2025 में इस संयंत्र का भूमि-पूजन किया था और अब करीब 13 से 14 महीने में यहां उत्पादन प्रारंभ हो गया है। यहां 220 केवी से लेकर 1200 केवी श्रेणी के पॉवर ट्रांसफॉर्मर बनाए जाएंगे। इकाई की उत्पादन क्षमता हर माह 35 पॉवर ट्रांसफॉर्मर तैयार करने की होगी। इतनी बड़ी क्षमता वाली इकाई एक ही स्थान पर स्थापित होने से देश में उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन उपकरणों के निर्माण को मजबूती मिलेगी।

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, जन्माष्टमी

आज देश में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन्माष्टमी के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं और संदेश से भारतीय संस्कृति और दर्शन

में जीवंतता आती है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मानवता का निरंतर मार्गदर्शन करने वाले भगवान श्री कृष्ण के दिव्य संदेशों में निस्वार्थ कर्म की प्रेरणा निहित है। उन्होंने कामना की कि भगवान श्री कृष्ण की भक्ति और पूजा के इस पवित्र अवसर पर सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति का संचार हो।

जन्माष्टमी-प्रदेश

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आज भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर 'श्रीकृष्ण पर्व' का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बालकृष्ण एवं राधा रानी के स्वरूप में पधारे नन्हे-मुन्ने बच्चों को माखन खिलाकर उनका स्नेहपूर्वक स्वागत किया। साथ ही, कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देखीं। डॉ.यादव ने प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा अब मध्यप्रदेश के प्रमुख देवस्थल धार्मिक पर्यटन के केंद्र बन रहे हैं।

प्रदेश के सभी जिलों में भी जन्माष्टमी का पर्व हर्षो उल्लास से मनाया जा रहा है। आगरमालवा में, यादव व गवली समाज द्वारा संयुक्त रूप से भगवान श्रीकृष्ण की भव्य विशाल पालकी यात्रा निकाली गई। जबलपुर में शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। खंडवा में भी शहर के मंदिरों में उत्साह और भक्ति का माहौल है।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर फिर तेज हो गया है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है, जबकि मंडला में नर्मदा का जलस्तर बढ़ने से नदी उफान पर है। छतरपुर,

सतना, मंडला और मैहर समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। छतरपुर के कुटनी और जबलपुर के बरगी बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। भोपाल में भी आज सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही है। पेश है एक रिपोर्ट

अभिनव गोयल, संवाददाता

उधर, शिवपुरी में पिछले दो दिन से हो रही लगातार बारिश के कारणशहर की कई निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति बन गई है। उधर मैहर में रुक-रुक कर हो रही लगातार बारिश के सिलसिले में जिला कलेक्टर विदिशा मुखर्जी ने ग्रामीण क्षेत्र में जल भराव की स्थिति का जायजा लिया और जरियारी पुल का भी निरीक्षण किया। भोपाल में भी बारिश हो रही है।

संक्षिप्त समाचार

- शिवपुरी के सभी आईटीआई में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु “पहले आओ पहले पाओ” राउंड की प्रक्रिया कल से प्रारंभ होगी, जो 7 सितंबर तक चलेगी।
- आगरमालवा में गौ-कवच अभियान के तहत करीब 100 गौवंशों के गले में रेडियम का बेल्ट पहनाया गया। जिससे रात के अंधेरे में सड़कों पर बैठी गायें दूर से दिखाई देगीं।
- पन्ना में आज हर्षाल्लास के साथ मनाया जाएगा भगवान जुगल किशोर जू का जन्मोत्सव।